-प्रेस नोट-

दिनांकः 22-05-2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना नांगल पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटर साईकिल बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 21.05.2026 को वादी श्री सोहनवीर पुत्र जनेश्वर ग्राम भरतपुर थाना नागल जिला सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर बावत अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटर साईकिल सुपर स्पलेण्डर रजि0 नं0 UP 11BU 7496 को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना नागल पर मु0अ0सं0 179/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कराया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एवं वाहन बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नांगल श्री संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 22.05.2026 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान ग्राम खजूरवाला के पास सर्विस रोड से अभियुक्तगण **1.आर्यन कश्यप पुत्र कुलदीप नि0 मौ0 जौलीग्रान्ट थाना डोईवाला जनपद देहरादून 2.आर्यन धीमान पुत्र पवन धीमान नि0 बडवाला जौलीग्रान्ट थाना डोईवाला जनपद देहरादून** को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल (01 बिना नम्बर प्लेट तथा 01 रजि.न0- UP11BU7496) बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/317(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो जंगल व सुनसान स्थानो से मो0सा0 चोरी करते है तथा उन्हे राह चलते लोगो को बेंचकर अपना खर्चा चलाते है। हमसे जो मो0सा0 बरामद हुई है, उनमे से एक हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस को हमने दिनांक 20.05.2026 को ग्राम टपराना से चोरी की थी। एक मो0सा0 सुपर स्प्लेण्डर रंग काला व ग्रे जिसपर UP11BU7496 है हम दोनो ने मिलकर एक साथ दिनांक 21.05.26 को सुबह के समय जंगल ग्राम खटौली थाना नागल क्षेत्र से चोरी की थी। आज हम दोनों इन मो0सा0 को बैंचने के लिए जा रहे थे कि पुलिस ने हमे मो0सा0 सहित पकड लिया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. आर्यन कश्यप पुत्र कुलदीप नि0 मौ0 जौलीग्रान्ट थाना डोईवाला जनपद देहरादून।
2. आर्यन धीमान पुत्र पवन धीमान नि0 बडवाला जौलीग्रान्ट थाना डोईवाला जनपद देहरादून।

### बरामदगी का विवरणः-

- 01 मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस रंग काला व ग्रे (बिना नम्बर प्लेट)
- 01 मोटर साइकिल सुपर स्प्लेण्डर रंग काला व ग्रे (रजि.न0- UP11BU7496)

***<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नामः-</u>***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार थाना नांगल सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह थाना नागल सहारनपुर।*
3. *है0का0 1195 मशकूर चौधरी थाना नागल सहारनपुर।*
4. *है0का0 1329 सुशील कुमार थाना नागल सहारनपुर।*
5. *रि0का0 362 मनोज कुमार थाना नागल सहारनपुर।*
6. *हो0गा0 1933 राजपाल सिंह थाना नागल सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 22-05-2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना नकुड़ पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद

*अवगत कराना है कि दिनांक 21.05.2026 को वादी श्री सुशील पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम लद्देबांस थाना नकुड जनपद सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त सागर पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम लतीफपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर द्वारा वादी के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर करना जिसमे वादी का बाल बाल बच जाना के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 291/26 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, जिनके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नकुड श्री देवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **सागर पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम लतीफपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर** को ग्राम टाबर साहबा माजरा कट के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। जिसके आधार पर अभियोग में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढौत्तरी की गयी। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*सागर पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम लतीफपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर।*

***अभियुक्त सागर का अपराधिक इतिहासः-***

1. *मु0अ0सं0 368/23 धारा 380/411/457 भादवि थाना नकुड सहारनपुर।*
2. *मु0अ0सं0 150/24 धारा 392/411 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नकुड सहारनपुर।*

***अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *प्रभारी निरीक्षक श्री देवेश कुमार शर्मा थाना नकुड़ सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 रणवीर सिंह थाना नकुड़ सहारनपुर।*
3. *का0 202 विवेक धामा थाना नकुड़ सहारनपुर।*
4. *आरक्षी 1681 विनीत कुमार थाना नकुड़ सहारनपुर।*
5. *म0रि0 आरक्षी ममता थाना नकुड़ सहारनपुर।*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 22-05-2026

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

**थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुए 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से 01 गले की हसली (पीली धातू), 01 जोड़ी कानों के कुण्डल (पीली धातू), 01 मोती ठोस (सफेद धातू) व 41,500/- रूपये नकद बरामद**

**घटना का विवरणः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 21.05.2026 को वादी श्री जुलफान पुत्र बरकत निवासी ग्राम बिसलहेडा थाना नकुड जिला सहारनपुर द्वारा एक लिखित तहरीर बाबत वादी के घर में रखी अलमारी का लोकर तोड़ कर सोने चांदी का सामान व करीब 60-65 हजार रूपये अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना नकुड पर मु0अ0सं0 292/26 धारा 305(ए),331(4) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

**पुलिस कार्यवाहीः-**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी हेतु दिशा-निर्देश दिये गये, इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री देवेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 22.05.2026 को पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण **1.लखन उर्फ आनन्द पुत्र रमेश निवासी ग्राम भोगीमाजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर 2. इमरान पुत्र रोशन निवासी ग्राम बिसलहेडा थाना नकुड जनपद सहारनपुर** को नयागांव रोड़ स्थित बन्द पड़े पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त की घटना से सम्बन्धित चोरी के माल में से 01 गले की हसली (पीली धातू), 01 जोड़ी कानों के कुण्डल (पीली धातू), 01 मोती ठोस (सफेद धातू) व 41,500/- रूपये नकद बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्त लखन उर्फ आनन्द ने पूछने पर बताया कि दिनांक 20/21.05.26 की रात में मैं तथा इमरान गांव के रहने वाले वासा का भुस लेकर आ रहे थे तो हमे रास्ते में एक नवनिर्मित मकान खुला दिखाई दिया तो हमारे मन में लालच आ गया। मैने उस मकान में घुसकर उसके कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी को खोला तो वह खुल गयी थी फिर अलमारी में बने लोकर का ताला तोड़कर लोकर में रखा सोने चांदी का सामान व नकद रूपये चोरी किये थे। उक्त चोरी में इमरान को मैनें दरवाजे पर निगरानी के लिये छोड़ दिया था जिसके बदले मैनें 5 हजार रूपये इमरान को दिये थे बाकी का सब सामान व रूपये मेरे पास थे, कुछ रूपये मुझसे खर्च हो गये थे और बाकी बचे रूपये व चोरी का सामान पुलिस ने मुझसे बरामद कर लिया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-**

1. लखन उर्फ आनन्द पुत्र रमेश निवासी ग्राम भोगीमाजरा थाना गंगोह जिला सहारनपुर।
2. इमरान पुत्र रोशन निवासी ग्राम बिसलहेडा थाना नकुड जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

- *01 गले की हसली (पीली धातू)*
- *01 जोड़ी कानों के कुण्डल (पीली धातू)*
- *01 मोती ठोस (सफेद धातू)*
- *41,500/- रूपये नकद*

***<u>अभियुक्त इमरान का आपराधिक इतिहासः-</u>***

*1. मु0अ0सं0 651/17 धारा 325, 452, 504, 506 भादवि थाना नकुड सहारनपुर।*

*2. मु0अ0सं0 03/2019 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना नकुड जनपद सहारनपुर।*

***<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>***

*1. प्रभारी निरीक्षक श्री देवेश कुमार शर्मा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

*2. उ0नि0 श्री रणवीर सिंह थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

*3. उ0नि0 श्री राकेश शर्मा थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

*4. है0का0 1151 राजीव थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

*5. का0 946 आजाद पाल थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

*6. का0 1997 विनीत चौधरी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।*

दिनांक: 22.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा थानों पर लम्बित माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन क्लीन 2.0" के तहत माल मुकदमाती मालो से सम्बन्धित 18 माल मुकदमाती मालों का नियमानुसार निस्तारण किया गया

*अवगत कराना है कि श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में थानों पर लम्बित माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान **"आपरेशन क्लीन 2.0"** के अनुपालन मे पुलिस अधीक्षक नगर (नोडल अधिकारी माल निस्तारण) एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहारनपुर के निकट पर्यवेक्षण में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सुश्री प्रिया यादव क्षेत्राधिकारी बेहट, श्री देवेन्द्र प्रजापति नायब तहसीलदार मुजफ्फराबाद तह0 बेहट, श्री राजीव सहायक अभियोजन अधिकारी सहारनपुर की मौजूदगी में तथा प्रभारी निरीक्षक बेहट श्री जितेन्द्र सिंह दिखित के कुशल नेतृत्व में व हैड मोहर्रिर 543 अनूप सिंह की मौजूदगी में आज दिनाँक 22.05.2026 को वर्ष 2000, 2001,2003,2008,2010,2011,2017,2019,2020,2021,2022,2023 तथा 2024 के 18 माल मुकदमाती मालों का निस्तारण किया गया तथा चाकू व तमंचो व पार्चाजात आदि को नियमानुसार विनिष्ट किया गया। उपरोक्त से सम्बन्धित धनराशि कुल 1170 /- रूपये को तथा सफेद धातु के अभूषण के 02 पुलिन्दो को सरकारी वैल्युएशन सुनार सुरेश सचदेवा पुत्र रमेश सचदेवा नि0 नुमाईश कैम्प को0नगर से चैक करायी गयी। सभी अभूषण में करीब 38-40 प्रतिशत चांदी होना एवं एक मूर्ति सफेद धातु को एल्युमीनियम की होना बताया गया। आभूषण का कुल वजन 1 किलो 611 ग्राम होना पाया गया। आभूषण को मेल्ट कराकर मूल्यांकन से प्राप्त धनराशि राजकीय कोष मे अकब से जमा करायी जायेगी तथा 02 जिन्दा कार0 32 बोर व 01 कार0 315 बोर को विस्फोटक की दृष्टि से अलग से निस्तारित कराये जायेगे एवं 02 सरकारी रायफल को शस्त्रागार पुलिस लाईन सहारनपुर जमा कराया जायेगा।*

### *विनिष्टीकरण कराने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण*

1. *सुश्री प्रिया यादव क्षेत्राधिकारी बेहट जनपद सहारनपुर।*
2. *श्री देवेन्द्र प्रजापति नायब तहसीलदार मुजफ्फराबाद तह0 बेहट जनपद सहारनपुर।*
3. *श्री राजीव सहायक अभियोजन अधिकारी जनपद सहारनपुर।*
4. *श्री जितेन्द्र सिंह दिखित, प्रभारी निरीक्षक थाना बेहट जनपद सहारनपुर।*
5. *हैड मोहर्रिर 543 अनूप सिंह, थाना बेहट जनपद सहारनपुर।*
6. *सुरेश सचदेवा पुत्र श्री रमेश सचदेवा नि0 नुमाईश कैम्प को0नगर (सुनार)।*

दिनांक: 22.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन क्लीन 2.0" के तहत थाना परिसर में खडे MV ACT के कुल 35 दो पहिया वाहनो की नियमानुसार नीलामी करायी गयी, जिसमें कुल 2,00,600/- रूपये की धनराशि (18% जीएसटी सहित) का राजस्व प्राप्त किया गया

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान **"आपरेशन क्लीन 2.0"** के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नोडल अधिकारी सहारनपुर के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी बेहट के कुशल नेतृत्व में एवं नायब तहसीलदार तहसीलदार तहसील मुजफ्फराबाद सहारनपुर, व सम्भागीय परिवहन अधिकारी सहारनपुर द्वारा नामित परिवहन निरीक्षक सहारनपुर, प्रभारी निरीक्षक थाना बेहट सहारनपुर की मौजूदगी में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना बेहट परिसर में खडे MV ACT के कुल 35 दो पहिया वाहनो की नीलामी आरम्भ की गयी जिसमे कुल 19 व्यक्तियो द्वारा भाग लिया गया। आरटीओ कार्यालय (टैक्निकल) द्वारा नीलामी की न्यूनतम सरकारी बोली 1,60,000/- रूपये तय की गयी थी। कुल 35 दो पहिया वाहनो की नीलामी मे बोली दाता नौशाद कुरैशी पुत्र कालू नि0 मौ0 शेखजादगान कस्बा व थाना ननौता जिला सहारनपुर द्वारा उच्चतम बोली 1,70,000/- रूपये की लगायी गयी, उच्चतम बोली दाता के हक में नीलामी छोड़ी गयी। नीलामी की कुल धनराशि का 25 प्रतिशत 50,150/- रूपये जमा किया गया। कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 के साथ कुल 2,00,600/- रूपये की धनराशि राजकोष मे जमा की जायेगी।*

***नीलामी कराने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण***

1. सुश्री प्रिया यादव क्षेत्राधिकारी बेहट सहारनपुर।
2. श्री देवेन्द्र प्रजापति नायाब तहसीलदार तह0 मुजफ्फराबाद सहारनपुर।
3. श्री रोहित कुमार सिहं निरीक्षक परिवहन विभाग सहारनपुर।
4. श्री जितेन्द्र सिंह दिखित प्रभारी निरीक्षक थाना बेहट सहारनपुर।
5. हैड मोहर्रिर 543 अनूप सिंह थाना बेहट सहारनपुर।

दिनांकः 22.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना मण्डी पुलिस द्वारा 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध चाकू बरामद

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अवैध अस्लाह रखने वाले व तस्करी की रोकथाम व कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल भाटी के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 22.05.2026 को गस्त व चैकिंग के दौरान 02 अभियुक्तगण **1.जुनैद पुत्र तनवीर निवासी ठठेरो वाली गली अरबी मदरसा के पास थाना मण्डी सहारनपुर 2. शादाब पुत्र महफूज निवासी ताहिर गार्डन पुराना कलसिया रोड थाना मण्डी जनपद सहारनपुर** को कलसिया रोड जैवी जैन कालिज के पीछे खाताखेडी जाने वाले रास्ते पर दीवार के बराबर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से **02 नाजायज चाकू** बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना मण्डी पर **मु0अ0स0 252/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।*

***गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-***

1. *जुनैद पुत्र तनवीर निवासी ठठेरो वाली गली अरबी मदरसा के पास थाना मण्डी सहारनपुर।*
2. *शादाब पुत्र महफूज निवासी ताहिर गार्डन पुराना कलसिया रोड थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।*

***बरामदगी का विवरण-***

- *02 नाजायज चाकू*

***अभियुक्त शादाब उपरोक्त का अपराधिक इतिहास –***

1. *मु0अ0सं0 - 715/2019 धारा 323, 498-A, 504, 506 भादवि व ¾ दहेज प्रतिषेध अधि0 व ¾ मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम थाना को0 देहात सहारनपुर।*
2. *मु0अ0सं0- 391/2022 धारा 323, 498-A, 504, 506 भादवि व ¾ दहेज प्रतिषेध अधि0 व ¾ मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा) अधिनियम, थाना को0 देहात सहारनपुर।*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-***

1. *उ0नि0 श्री सुधीर कुमार थाना मण्डी जिला सहारनपुर।*
2. *है0का0 1233 विपिन कुमार थाना मण्डी जिला सहारनपुर।*
3. *है0का0 848 कपिल कुमार थाना मण्डी जिला सहारनपुर।*
4. *का0 1570 रवि कुमार थाना मण्डी जिला सहारनपुर।*

दिनांकः 22.05.2026

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा 01 एनबीडब्लू वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारंटी/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा आज दिनाँक 22.05.2026 को 01 एनबीडब्लू वारण्टी अभियुक्त* ***नफीस पुत्र युसुफ निवासी ग्राम पाली थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर*** *(सम्बन्धित वाद सं0 4164/25 धारा 74/352 बीएनएस) को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पाली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-***

*नफीस पुत्र युसुफ निवासी ग्राम पाली थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर।*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-***

1. *वरि0उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर।*
2. *उ0नि0 श्री राजकुमार तोमर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*
3. *है0का0 1069 विकास कुमार थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर।*